SUBJECT - HINDI LANGUAGE 2020-2021

WORK SHEET No. -1

CLASS - 6 A, B, C, D, E & F

निर्देश - अभिभावकों से निवेदन है कि दिए गए अभ्यास कार्य को किसी भी व्याकरण पुस्तक के द्वारा पूर्ण कराने में छात्राओं की सहायता करें।

पाठ - भाषा - वह साधन जिसके द्वारा हम लिखकर अथवा बोलकर अपने विचार दूसरों तक पहुँचा सकते हैं तथा दूसरे पढ़कर अथवा सुनकर विचारों को समझ सकते हैं, भाषा कहलाता है।

दूसरे शब्दों में, भाषा भावों अथवा विचारों के आदान-प्रदान का साधन है। इस प्रकार भाषा के दो रूप होते हैं -

(क) मौखिक भाषा (ख) लिखित भाषा

प्र01 भाषा क्या है?

प्र02 भाषा के कितने रूप होते हैं?

प्र03 दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए -

पानी, आग, हवा

प्र04 दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए -

(1) हानि (2) जीवित (3) बंधन

प्र05 मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए -

1. अंगूठा दिखाना
2. आंखों का तारा
3. अंधे की लकड़ी

प्र06 वाक्यांश लिखिए - (1) अत्याचार करने वाला (2) जो पढ़ने योग्य हो (3) जिसकी कोई उपमा न हो

प्र07. श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द लिखिए - (1) ग्रह, गृह (2) पावन, पवन

प्र08. दिए गए शब्दों का अनेकार्थी शब्द लिखिए -

(1) उत्तर (2) गुरू (3) कनक (4) अंक

प्र09 दिए गए विषयों पर निबन्ध लिखिए -

(1) व्यायाम के लाभ (2) दीपावली

प्र010 दिए गए विषय पर पत्र लिखिए -

छोटे भाई को जन्मदिन पर बधाई देते हुए पत्र लिखिए -

- END -